## सार-संक्षेप

### अब एक मिस्ड कॉल पर पाइप बदलवाएंगे गैस वितरक



**बरेली, अमृत विचार :** यूपीएसओ-दो ( उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय ) के कार्यकारी निदेशक और इंडियन ऑयल के राज्य प्रमुख हेमंत राठौड़ ने कहा कि घर में गैस सिलेंडर का पाइप तीन साल पुराना हो गया है तो उसे बदल दें। इंडियन ऑयल के ग्राहक रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से मिस्ड कॉल करके इसे बदलवा सकते हैं। कंपनी के वितरक लाल रंग का पाइप डिलीवरी बॉय से लगवाएंगे। यह पाइप पांच साल की गारंटी के साथ लगाया जाएगा। वह डिवीजनल कार्यालय के दौरे पर थे। यहां उन्होंने एलपीजी गैस वितरकों और डिलीवरीकर्मियों के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि पाइप को 190 रुपये के बजाय 150 रुपये में बदला जाएगा। यह छूट दो माह तक जारी रहेगी। इस पाइप को चूहे भी नहीं काट पाएंगे। कहा कि सुरक्षा चूक की पहचान होने पर उसे तुरंत ठीक किया जाना चाहिए। उझानी गैस सर्विस, बदायूं और कुणाल गैस सर्विस, बरेली के वितरकों तथा डिलीवरी बॉय को सम्मानित किया गया। यूपीएसओ-दो के मुख्य महाप्रबंधक (एलपीजी) आर. राजेंद्रन, आईओसी के एलपीजी प्रबधंक मधुव्रत चौहान, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला एवं तमाम वितरक उपस्थित रहे।

### बारिश में सब्जियों की फसलों को नुकसान, धान को फायदा

**बरेली, अमृत विचार :** मानसून की लगातार बारिश से जिले में लौकी, खीरा, अरबी आदि सब्जी की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भरने की वजह से सब्जियों की फसलें खराब हो गई हैं, हालांकि धान की फसल को काफी फायदा हुआ है। आईवीआरआई के बागवानी विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह के अनुसार लगातार बारिश की वजह से फसलें खराब होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। जिन खेतों में धान की रोपाई हो गई है, उनमें पानी भरने से फायदा हुआ है। इसके अलावा खेतों में पानी भरने से धान की रोपाई भी तेज हो गई है। इसके अलावा कद्दू और करेला जैसी फसलों को भी फायदा हुआ है। इन सब्जियों को पर्याप्त पानी मिलने के कारण उनकी वृद्धि देखी जा रही है।

# डायरिया खत्म तो अब बाटेंगे ओआरएस

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिए दस्त नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जब प्रकोप चरम पर था, तब मरीजों को खुद खरीदने पड़े थे ओआरएस**

**अमृत विचार :** डायरिया का भीषण प्रकोप खत्म होने के बाद स्वास्थ्य विभाग को दस्त नियंत्रण अभियान शुरू करने की सुध आई है। सीएमओ ने सरकारी अस्पतालों में डायरिया के मरीजों को ओआरएस बांटने के साथ उन्हें जागरूक करने के भी निर्देश जारी किए हैं।

जिले में मई के आखिर तक डायरिया का प्रकोप चरम पर था। खासतौर पर बच्चे इतनी ज्यादा संख्या में डायरिया की चपेट में आए कि जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में उन्हें भर्ती करने के लिए बेड कम पड़ गए। उस दौरान तो स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया की रोकथाम के उपाय करने में ज्यादा चिंता नहीं दिखाई लेकिन अब जब मौसम बदलने के बाद डायरिया का प्रकोप लगभग खत्म हो चुका है, तब स्वास्थ्य विभाग ने दस्त नियंत्रण अभियान शुरू किया है।

पहली जुलाई से अभियान की शुरुआत के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रोज ओआरएस के पैकेट मरीजों को वितरित कर डायरिया से बचाव के प्रति उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य केंद्रों पर बनाए गए ओआरएस कार्नर की निगरानी करने को भी कहा है। हालांकि अब सरकारी अस्पतालों में डायरिया के लक्षण वाले मरीजों की संख्या न के बराबर रह गई है। जिला अस्पताल में भी बच्चा वार्ड खाली हो चुका है।

यही हाल संचारी रोग अभियानों की रोकथाम में है। अब जब बीमारियां होने लगी हैं तो अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। संचारी रोग अभियान के तहत 32 सौ टीमें भी लगाई गई हैं लेकिन कई क्षेत्रों में टीमों ने अभी तक दस्तक भी नहीं दी है।

### दस्तक : घर-घर खोजा जाएगा लार्वा

**बरेली ,अमृत विचार :** बारिश के बाद से घरों के बाहर नालियों में लार्वा मिलना शुरू हो गया है। इसके अलावा मलेरिया मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। अब 11 जुलाई से स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर दस्तक देकर लार्वा को खोजेंगी। बारिश के बाद जिले में एक सप्ताह में 40 मरीज सामने आ चुके हैं। दो दिन पहले बिथरी चैनपुर के चैना मुरावपुर गांव में घरों के बाहर नालियों में लार्वा मिला था, जिसे नष्ट करा दिया गया। मलेरिया विभाग के अनुसार शहर की तुलना में देहात क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप अधिक है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कुछ गांवों में सर्वे के दौरान नालियों में लार्वा मिला है। 11 जुलाई से दस्तक अभियान चलेगा जिसमें टीमें घर-घर जाकर लार्वा की खोज करेंगी। जिन घरों में लार्वा मिलेगा वहां के सदस्यों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा टीमें भी निगरानी करेंगी ताकि वहां दोबारा लार्वा न मिले।

### डेंगू-मलेरिया से निपटने को शासन ने दिए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**बरेली ,अमृत विचार :** डेंगू मलेरिया को लेकर प्रदेश के आठ संवेदनशील जिलों में शासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुपालन में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने जिले के समस्त सीएचसी अधीक्षकों के साथ बैठक कर व्यवस्थाएं मुकम्मल करने के आदेश दिए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में मलेरिया का प्रकोप जारी है। हालांकि डेंगू के मात्र 13 मरीज ही जनवरी से अब तक मिले हैं। जिले में डेंगू के मामलों की संख्या अगस्त के अंत से बढ़ना आरंभ होती है। इसके पूर्व ही लक्षण वाले मरीजों की फौरन जांच कर उन्हें इलाज उपलब्ध कराया जा सके, इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू जांच किट की उपलब्धता के साथ मरीज बढ़ने पर उनको त्वरित इलाज मिल सके इसके लिए वार्ड बनाने की तैयारी अभी से ही आरंभ की जा रही है।

## इनरव्हील क्लब बरेली साउथ कराएगा सर्वाइकल कैंसर का वैक्सीनेशन



अधिष्ठापन समारोह में मौजूद इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली साउथ की पदाधिकारी।

- **इनरव्हील क्लब साउथ की अध्यक्ष बनीं रूबी तनेजा**

**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब बरेली साउथ का अधिष्ठापन समारोह शुक्रवार को एक निजी होटल में हुआ। इसमें निवर्तमान अध्यक्ष इंदु सेठी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रुबी तनेजा को कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा और निवर्तमान सचिव प्रीति जिंदल ने नवनिर्वाचित सचिव मनीषा मेहरा को पिन लगाई।

मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नीलू सिंह ठाकरे ने कहा कि पोलियो की तरह सर्वाइकल कैंसर भी महिलाओं में तेजी से फैल रहा है। इससे महिलाओं की रक्षा करनी है। इनरव्हील उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में महिलाओं को इनरव्हील सत्र में सर्वाइकल कैंसर का वैक्सीनेशन कराएगा। महिला सशक्तिकरण के लिए वर्षभर कार्य योजना चलेगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूबी तनेजा ने कहा कि क्लब के सेवा कार्यों के अंतर्गत दो गरीब बच्चों की पूरे साल की स्कूल की फीस दी गई और महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत फरीदपुर में सिलाई सेंटर के लिए बालिकाओं को नई सिलाई मशीन दी गई। पदाधिकारियों ने क्लब की डायरेक्टरी का विमोचन किया।

कार्यक्रम में सचिव मनीषा मेहरा, विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. कंवल मेहरा, रेनू अग्रवाल, डॉ. नीलू मेहरोत्रा, वीना खंडेलवाल, कविता अग्रवाल, ममता तनेजा, मनीषा बूबना, मनीषा पांडे, मिली अग्रवाल, नीना टंडन, नीतू अग्रवाल, निधि अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, प्रीति खनिजू, रंजना ठाकुर, रश्मि अग्रवाल, रति गुप्ता, रितु अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सुधा गुप्ता, सुषमा खंडेलवाल, भावना अग्रवाल, बबली मेहता, बबीता रस्तोगी, अरुणा खंडेलवाल, अर्चना मलिक, अंजू गर्ग आदि मौजूद रहे।


Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499~~/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें ● नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता ● दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा ● दर्द रहित प्रसव की सुविधा ● बच्चेदानी की रसौली ● माहवारी की समस्यायें ● बांझपन का इलाज ● गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# अब हर स्कूल में एलईडी से पढ़ रहे हैं बच्चे

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- **बिथरी चैनपुर के कंपोजिट स्कूल के निरीक्षण के दौरान बोले प्रभारी मंत्री**
- **पहले घर बैठकर वेतन लेते थे शिक्षक, नकल वालों को मिलती थीं नौकरी**

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक के बाद नकटिया स्थित आठवीं वाहिनी पीएसी में 11.66 करोड़ की लागत से बन रही बैरक का निरीक्षण करने के साथ बिथरी में कंपोजिट स्कूल में स्कूल चलो अभियान के तहत दाखिला लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बरेली अब ऐसा जिला है जहां हर स्कूल में बच्चे एलईडी पर पढ़ाई कर रहे हैं।

बैरक के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पूछा कि थर्ड पार्टी निरीक्षण हो चुका है या नहीं। कार्यदायी संस्था की ओर से थर्ड पार्टी निरीक्षण हो जाने की जानकारी दी। थाना बिथरी चैनपुर के निरीक्षण के बाद वह कंपोजिट स्कूल पहुंचे जहां कहा कि पहले सरकार और शिक्षा माफिया का गठबंधन था। सरकारी अध्यापक घर बैठकर वेतन लेते थे और नेतागिरी करते थे, अब ऐसा नही है। पहले नकल करने वालों को नौकरियां मिल जाती थीं। भाजपा सरकार में काबिलियत के आधार पर मिल रहीं हैं।

उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सरकार की योजनाएं बताईं। इस दौरान बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र पटेल, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, उपजिलाधिकारी सदर रत्निका श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दक्षिणी मुकेश चंद्र मिश्र, क्षेत्राधिकारी राजमार्ग नितिन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### सर्किट हाउस में सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**बरेली, अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में विधायकों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। यहां भी कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शिकायत की कि पुलिस फरियादियों की नहीं सुनती। कुछ ने मंत्री को शिकायती पत्र भी सौंपे। मंत्री ने पार्टी की गतिविधियों के बारे में भी फीडबैक लिया। बैठक में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रो. श्याम बिहारी लाल, बरेली जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### 10 महिलाओं की हत्या पर बोले, नए कप्तान बेहतर करेंगे

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए प्रभारी मंत्री ने कानून व्यवस्था और शाही में एक साल के अंदर 10 महिलाओं की हत्या के सवाल पर कहा कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बदला गया है। उम्मीद है कि नए कप्तान बेहतर काम करेंगे और जल्द सुधार भी दिखेगा। भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। लोग जिलाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। राजस्व के मामलों और उद्योगों को लेकर भी सरकार गंभीर है। अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिए गए हैं।

## 13 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारियां शुरू

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विनोद कुमार की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभागार में शुक्रवार को बैठक की गई।

जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज हरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सभी विभागों से आए अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए वादों की जानकारी एकत्र की। इसके साथ ही जिन नोटिस का तामील पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा सकता है, उनके लिये यातायात पुलिस को निर्देश जारी किए गए। बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर सौरभ दुबे, एसपी ट्रैफिक शिवराज, लेबर कोर्ट से दिव्य प्रताप सिंह, कैनाल न्यायालय से विपिन कुमार, बीएसएनल से लेखाधिकारी अमित कुमार मौर्य, बीडीए से अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### तीन दिन तक विशेष लोक अदालत

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव अजय कुमार शाही ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व तीन दिवस की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लघु आपराधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया जाएगा। सभी न्यायालयों द्वारा लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए वादो का चयन किया गया है, जिनका सफल निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर अपने वादों का सफल निस्तारण कराए।

### पूर्व सांसद संतोष गंगवार का हाल लेने पहुंचे मंत्री



**बरेली,अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को पूर्व सांसद संतोष गंगवार के आवास पर पहुंचे। यहां करीब पौन घंटे तक दोनों मंत्री रुके और हाल चाल जानने के साथ कई मुद्दों पर वार्ता की। इस दौरान कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बरेली जिलाध्यक्ष पवन शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वन महोत्सव में प्रभारी मंत्री ने किया पौधरोपण



**बरेली,अमृत विचार :** वन विभाग ने वन महोत्सव के तहत शुक्रवार को अलग-अलग रेंज में पौधरोपण किया। बरेली रेंज में सर्किट हाउस में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री एवं पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मौलश्री और पाकड़ के पौधे रोपे। उन्हें अतिथियों ने तुलसी के पौधे भेंट किए। इसके अलावा एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक संजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने भी पौधरोपण किया। प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी और सीडीओ जग प्रवेश आदि मौजूद रहे। वहीं फरीदपुर रेंज में चौधरी हरनाम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी में पौधरोपण के महत्व पर छात्र-छात्राओं ने चर्चा की। इस दौरान फरीदपुर रेंजर ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे। बहेड़ी रेंज में गांव गरीबपुरा में गोष्ठी हुई। प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी ने बताया कि शनिवार को सीआई पार्क में वन महोत्सव के तहत वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार पौधरोपण करने के साथ हर घर तुलसी अभियान की शुरुआत करेंगे।

### नगर आयुक्त से करेंगे सफाई की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** मोहर्रम के दौरान होने वाले कार्यक्रमों को लेकर अंजुमन परचम-ए-हुसैन की ओर से एक बैठक इमामबाड़ा इमाम-ए-असर में की गई। इसकी अध्यक्षता अंजुमन के सदर हाजी सैयद इबादत हुसैन नकवी ने की। मीडिया प्रभारी सैयद शुजा नकवी ने बताया कि मोहर्रम के जुलूसों और मजलिसों को लेकर जल्द ही अंजुमन का प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त से मिलेगा। उनसे सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर नायब सदर नईम हैदर, जरगाम हैदर, तौसीफ हैदर आदि उपस्थित रहे।

## डीआरएम ने जंक्शन पर रिले रूम में देखा उपकरणों का रखरखाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रेलवे स्कूल के भवन को लेकर इंजीनियरिंग अधिकारियों से की चर्चा**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह शुक्रवार को बरेली जंक्शन का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने रेलवे स्कूल में सबसे ज्यादा वक्त गुजारा। स्कूल की हालत को लेकर शिक्षकों से चर्चा की। इसके अलावा स्कूल के भवन को लेकर अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

डीआरएम सुबह 10 बजे विशेष निरीक्षण यान से जंक्शन पहुंचे और सीधा रिले रूम में जाकर निरीक्षण किया। यहां लगे उपकरणों के रखरखाव के अलावा रिले रूम की व्यवस्था देखी। पावर केबिन में जाकर उन्होंने पैनल पर तैनात कर्मचारियों से पूछताछ की।

इसके बाद वह सुभाषनगर छोर द्वितीय प्रवेश द्वार स्थित रेलवे हायर सेकंड्री स्कूल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। दरअसल रेलवे स्कूल, चौपुला से रेलवे अस्पताल तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण के आड़े आ रहा है। इसको लेकर अधिकारी स्कूल का कुछ हिस्सा तोड़ने अथवा स्कूल को शिफ्ट करने पर विचार कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने इंजीनियरिंग के अधिकारियों से चर्चा की। उनके साथ वरिष्ठ मंडल अभियंता ( तृतीय ) करनप्रीत सिंह, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता ( प्रथम ) सुनील कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अजय सोयल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कृष्ण-सुदामा का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार :** श्रीत्रिवटीनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन किया गया। इसे सुन उपस्थित श्रद्धालु भावविह्वल हो उठे। कथाव्यास पं सुरेश शास्त्री ने कहा कि परमार्थिक कार्य की कभी समाप्ति नही होती, पर मयार्दा के हिसाब से उनकी पूर्णता होना निश्चित है। कहा कि जब हमारा मन कुछ भी करते हुए सिर्फ प्रभु के ध्यान में लीन रहता है तब ही हम प्रभु को पाने के योग्य बन पाते हैं। कथा के समापन पर आरती, भोग उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### परशुराम धाम में हुई भक्तमाल कथा



**कैंट, अमृत विचार :** लाल फाटक बदायूं रोड स्थित परशुराम धाम में शुक्रवार को भक्तमाल कथा हुई। कथा व्यास मोहिनी दासी ने भक्त नरसिंह, सूरदास, तुलसीदास आदि की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भक्तमाल का अर्थ ईश्वर के भक्तों की माला है। कथा आयोजन में परशुराम सेवा ट्रस्ट के संरक्षक सीके मिश्रा, अध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय, रामेन्द्र नारायण मिश्रा, सुभाष झा, उमेश चन्द्र शर्मा, रमेश तिवारी,नरेन्द्र शर्मा, विजेन्द्र पाण्डेय, नन्हू लाल शर्मा, आभा तिवारी, सत्येन्द्र पाण्डेय समेत अन्य मौजूद रहे। ट्रस्ट के सचिव गजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि परशुराम धाम पर 16 जुलाई से 21 जुलाई तक सात दिवसीय सत्यनारायण कथा का आयोजन होगा।

### रोटरी क्लब ने टैगोर पार्क में किया पौधरोपण




**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ की ओर से शुक्रवार को राजेंद्र नगर स्थित टैगोर पार्क में 11 पौधे लगाए गये। पूर्व गवर्नर पीपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण को बचाना है तो हर व्यक्ति को पौधरोपण में अधिक से अधिक योगदान करना होगा। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सेठ, नव निर्वाचित अध्यक्ष गुलशन अरोरा, सचिव जेआर गुप्ता के साथ सदस्यों में सुरेश भाटिया, हरिबाबू खंडेलवाल, एनके कोहली, मंजुला खंडेलवाल, मालती देवी आदि उपस्थित रहे।

### नए प्रवेश वाले छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान के तहत बिथरी चैनपुर के कंपोजिट स्कूल में छात्रों के स्वागत के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने नए प्रवेश पाने वाले छात्रों का तिलक लगा कर स्वागत किया। विधायक राघवेंद्र शर्मा ने शिक्षकों व बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बीएसए संजय सिंह ने ऑनलाइन शिक्षण की उपलब्धियां बताई और ऑफलाइन शिक्षण की नई तकनीक, टेस्ट आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, सीडीओ जगप्रवेश, एसडीएम नम्रता श्रीवास्तव, हरेंद्र पटेल, बीईओ भानुशंकर गंगवार, अवनीश, केसी पटेल, योगेश गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### मोहर्रम के महीने का चांद देखने की अपील

**बरेली, अमृत विचार :** अंजुमन शाने इस्लाम के प्रवक्ता एवं महासचिव सगीर उद्दीन नूरी ने इस्लामी नए साल (हिजरी 1446) का चांद देखने की अपील मोमिनों से की है। उन्होंने बताया कि शनिवार छह जुलाई को इस्लामी कलेंडर के आखिरी महीने जिलहिज्जा की 29 तारीख है। लिहाजा इस्लामी नये साल में मोहर्रम के महीने का चांद देखें और दिखाई देने पर एक-दूसरे को इस्लामी नये साल की मुबारकबाद पेश करें। नये साल का स्टीकर भी अंजुमन की तरफ से जारी किया गया है। इसमें लोगों से इमाम हुसैन की याद शरीयत के दायरे में रहकर मनाने की अपील की गई है।

# सरकारी टैबलेट नहीं चल पा रहे तो अपने मोबाइल पर करें काम

## अफसरों के फरमान पर बेसिक शिक्षकों में गुस्से का माहौल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों को विभाग की ओर से टैबलेट मुहैया कराए गए हैं ताकि उनके आने-जाने के समय पर राज्य स्तर तक निगरानी रखी जा सके। इस महीने से ऑनलाइन सेल्फी के साथ उपस्थिति प्रक्रिया लागू कर दी गई। जिले के कुछ स्कूलों में हालांकि अभी यह प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। जिन स्कूलों में शुरू हुई है वहां से टैबलेट हैंग होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसको लेकर शिक्षकों में रोष का माहौल है। उन्होंने विभाग पर परेशान करने का आरोप लगाया है।

शिक्षकों का कहना है कि विभाग की ओर से दिया गया टैबलेट बहुत ही घटिया गुणवत्ता का एवं 4 जी पर आधारित है। सेल्फी के लिए 2 मेगा पिक्सल का फ्रंट कैमरा, 3 जीबी रैम और 32 जीबी रोम दी गई है। इसमें जरूरी एप के अलावा ऑनलाइन कार्यों के लिए विभाग की ओर से 24 से भी अधिक एप डाउनलोड कराए गए हैं। शिक्षकों का कहना है कि तकनीकी खामी के चलते उपस्थिति के लिए प्रेरणा पोर्टल ज्यादातर खुलता ही नहीं। यदि खुलता भी है तो फोटो अपलोड करना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों से इस समस्या के बारे में बताने पर वे शिक्षकों पर अपने मोबाइल से फोटो अपलोड करने का दबाव बना रहे हैं।

> टैबलेट में किसी तरह की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं पर किसी तरह की तकनीकी परेशानी सामने आती है तो उसका निस्तारण कराया जाएगा। यदि जरूरत पड़ी तो शासन स्तर पर भी इसको लेकर बात की जाएगी।
>
> **- संजय सिहं**, बीएसए

**सेल्फी अपलोड करने का बना रहे दबाव**

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि शिक्षक तो पहले भी मोबाइल से अपने कार्य करते रहे हैं। टैबलेट के बावजूद शिक्षकों पर मोबाइल से सेल्फी अपलोड करने का दबाव बनाया रहा है। यानी अधिकारी भी यह जानते हैं कि इस टेबलेट से विभागीय कार्य पूरे नहीं किए जा सकते। सिर्फ शिक्षकों को परेशान करने के लिए नई योजना लागू की गई है।

### आज समाप्त हो जाएगी परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 की लगभग सभी परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो जाएंगी। शनिवार को एमएससी गणित के प्रश्नपत्र की परीक्षा है। शुक्रवार को भी एमएससी गणित की परीक्षा हुई, जिसमें बरेली कॉलेज में सिर्फ छह विद्यार्थी ही शामिल हुए।

वहीं विश्वविद्यालय ने परिणाम भी जारी करने शुरू कर दिए हैं। जल्द ही सभी परिणाम जारी कर सत्र समय पर शुरू करने की तैयारी है। विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षाएं सबसे पहले खत्म हुईं। इसके अलावा विधि समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी खत्म हो गईं।

स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी पहले ही खत्म हो चुकी हैं, सिर्फ परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं सबसे बाद में 19 जून से शुरू हुई थीं जो 6 जुलाई को समाप्त हो जाएंगी।

# अनुपस्थित होने पर 35 कर्मियों का काटा मानदेय, शोषण का आरोप

- कहा, कई बार प्रयास के बाद भी नहीं खुलता है प्रेरणा पोर्टल
- जिलाधिकारी से करेंगी समिति का गठन कर जांच कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनपद के 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डन, चपरासी सहित करीब 35 महिला कर्मियों का मानदेय अनुपस्थित रहने के कारण काट लिया गया। इन कर्मियों का कहना है कि उन्हें जानबूझ कर परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में वे शनिवार को जिलाधिकारी व अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र देकर इसकी शिकायत करेंगे। उनसे विशेष जांच समिति का गठन कर मानदेय काटे जाने की जांच कराने की मांग की जाएगी।

कर्मचारियों ने बताया कि पोर्टल की तकनीकी खामियों के चलते ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज ही नहीं हो पाती। उसकी कमी का परिणाम उन्हें भगतना पड़ रहा है। कई बार मोबाइल फोन स्विच ऑन-ऑफ करके भी प्रयास किया जाता है, लेकिन कुछ नहीं हो पाता। महिला कर्मियों का आरोप है कि 7 अप्रैल को मतदान के दिन का भी उनका वेतनमान काटा गया है, जबकि उस दिन जिलाधिकारी की ओर से अवकाश घोषित किया गया था। रसोइया, चपरासी और चौकीदार आदि ज्यादातर चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के पास अपना एंड्रायड फोन भी नहीं है। उन्हें वार्डन व अन्य शिक्षकों से मोबाइल लेकर पोर्टल पर उपस्थिति लगानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क और पोर्टल की तकनीकी खामियों के चलते कई बार पोर्टल चलता ही नहीं है।

**मानदेय काटे जाने की कराई जाए जांच**

कर्मियों का कहना है कि इस मामले में जिलाधिकारी की ओर से विशेष जांच समिति का गठन कर मई माह का मानदेय काटे जाने की जांच कराई जाए, जिससे विभागीय कर्मियों की कई अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं। चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मियों के अनुसार उनका मासिक मानदेय 6 से 7 हजार के बीच है। इसमें कटौती होने पर परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर सभी कर्मियों का वेतन नियमानुसार ही काटा जा रहा है।

### एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा 11 जुलाई को दो पालियों में होगी। विश्वविद्यालय परिसर, बरेली कॉलेज और मुरादाबाद के केजीके और हिंदू कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में पांच हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसमें एलएलबी में सबसे ज्यादा तीन हजार से अधिक अभ्यर्थी हैं।

# स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले चार शिक्षकों ने दिया जवाब

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एकल स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले चार शिक्षकों ने अपना जवाब दे दिया है। इसमें शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए रुपये मांगने या देने की बात से इन्कार किया है। तीन शिक्षक भी जल्द जवाब देंगे। इसके बाद समिति जांच रिपोर्ट प्राचार्य को सौंप देगी। वहीं दूसरी तरफ प्राचार्य ने जांच पूरी होने तक किसी तरह के स्थानांतरण पर रोक लगा रखी है।



- शिक्षक संघ की शिकायत पर प्राचार्य की ओर से बनाई गई समिति कर रही है जांच

ऐसे में अब शिक्षकों का इस सत्र में स्थानांतरण होना मुश्किल है।

बरेली कॉलेज के शिक्षक संघ ने प्राचार्य से शिकायत की थी कि कॉलेज में एकल स्थानांतरण के लिए शिक्षकों से प्राचार्य और प्रबंध समिति के सचिव के नाम से पैसे मांगने की जानकारी आई है। इससे कॉलेज की छवि खराब हो रही है। इस पर प्राचार्य ने डॉ. संयोजक खुर्शीद अली के नेतृत्व में एक समिति बनाई थी। समिति ने स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वालों से जवाब मांगे थे, जिसमें चार शिक्षकों ने अपने जवाब दे दिए।

### स्क्रूटनी का परीक्षाफल घोषित किया

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की स्क्रूटनी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। क्षेत्रीय सचिव डॉ. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय परिक्षेत्र के बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय में भी परीक्षाफल चस्पा करा दिया गया है।

इसके अलावा छात्र परिषद की वेबसाइट पर भी परिणाम अपलोड करा दिया गया है। इंटरमीडिएट में 419 और हाईस्कूल में 48 छात्रों का परिणाम घोषित कर चस्पा किया गया है। किसी छात्र का अनुक्रमांक नहीं बदला गया है।

# मुर्गियों में मांस वृद्धि करने वाले जीन पर अध्ययन

- सीएआरआई की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सिम्मी तोमर को मिला प्रोजेक्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) की ओर से जल्द ही मुर्गियों की वृद्धि को प्रभावित करने वाले जीन पर अध्ययन किया जाएगा। आईसीएआर की ओर से संस्थान की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सिम्मी तोमर को यह प्रोजेक्ट दिया गया है। निदेशक डॉ. एके तिवारी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से डॉ. तोमर और उनकी टीम इसका गहन अध्ययन करेंगे। इस संबंध में डॉ. सिम्मी ने बताया कि इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य मुर्गियों के मांस उत्पादन में सुधार करना है, जिससे पोल्ट्री उद्योग को महत्वपूर्ण लाभ हो सके।

उन्होंने बताया कि मुर्गियों में जांघ के आकार और मांसपेशियों के विकास को प्रभावित करने वाले कई जीन होते हैं, लेकिन एमएसटीएन (मायोस्टेटिन) जीन सबसे महत्वपूर्ण है। यह जीन एक प्रोटीन कोड करता है, जो मांसपेशियों के विकास को रोकता है। यदि इसमें कोई म्यूटेशन होता है तो मांसपेशियों का अत्यधिक विकास हो सकता है।

इस जीन की क्रियाशीलता मांसपेशियों की वृद्धि और जांघ के आकार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। जीन अध्ययन के बाद इस तकनीक को अन्य मुर्गियों में भी लागू किया जा सकेगा, जिससे बड़े पैमाने पर मांस उत्पादन में वृद्धि की जा सकेगी।



141 साल पुरानी सबील सजाने की कर रहे तैयारी। ● अमृत विचार

### 141 साल पुरानी सबील सजाने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार:** शहर में मोहर्रम की तैयारियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला रोहली टोला अब्बासनगर स्थित इमामबाड़ा मदीना पर 141 साल पुरानी सबील हर साल उठती चली आ रही है। शारिक अब्बासी ने बताया कि इस साल भी सबील सजाई जाएगी। मोहर्रम से पहले इमामबाड़ा और ताजिये पर पुताई का काम जारी है।

### मजलिसों को खिताब करेंगे बाहर के उलमा

**बरेली, अमृत विचार :** रविवार या सोमवार से शिया समुदाय में अजादारी का दौर शुरू हो जाएगा। 10 मोहर्रम तक मजलिसों का अशरा चलेगा। ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि इन मजलिसों को पढ़ने के लिए अलग-अलग शहर से उलमा आ रहे हैं। इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया व हकीम आगा साहब गढ़ैया में इमाम-ए-जुमा शमसुल हसन खां, इमामबाड़ा वसी हैदर गढ़ैया, इमामबाड़ा छिद्धि मुहम्मद कंघीटोला में मौलाना सैयद जैनुल हसन जैदी(बाराबंकी), इमामबाड़ा महबूब हुसैन कंघी टोला, दीवान खाना किला छीपीटोला व कबीर हसन खां छीपीटोला में मौलाना गुलाम असकारी (रुड़की) खिताब करेंगे। इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में रात्रि मजलिस पढ़ने के लिए मौलाना महबूब हुसैन (हल्लौर) आ रहे हैं। मर्सियाख्वानी अली आलिम जैदी, नसीम हसन खां, रफत बिजनौरी आदि करेंगे। फिलहाल इमामबाड़ों में सफाई की जा रही है।

### मोहर्रम में गैर शरई कामों से बचने की अपील

**बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला कंघी टोला स्थित नूरी मस्जिद के इमाम मौलाना बिलाल ने नमाज-ए-जुमा से पहले अपने खिताब में लोगों को कर्बला के शहीदों बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने जंग के मैदान में भी नमाज नहीं छोड़ी।

लिहाजा इमाम हुसैन से मोहब्बत का सबूत यह ही है कि नमाजों की पाबंदी करें। इमाम हुसैन के नाम पर सबीले लगाएं, लंगर बांटें। अफसोस की बात है कि कुछ लोग मोहर्रम आते ही तरह-तरह के रंग में रंग जाते हैं।

ईदगाह के पास इमाम हुसैन के नाम पर एक मेला लगाया जाता है, जिसमे डांस पार्टी, मीना बाजार, मौत का कुआं जैसी आयोजन होते हैं। खुद को हुसैनी कहने वाले इमाम हुसैन की शहादत के दिन मौज, मस्ती करते हैं। उन्होंने लोगों से गैर शरई कामों से बचने का आह्वान किया। इस दौरान मस्जिद के मुतवल्ली परवेज नूरी भी मौजूद रहे।

### स्टंट करने का जुनून ऐसा कि मौत का खौफ नहीं...

**पटेल चौक पर बस रोककर हंगामा**







तस्वीर में दिखाई दे रहे युवक पर जाने कैसा जुनून सवार हुआ कि भीड़भाड़ वाले पटेल चौक पर ही बाइक पर स्टंट शुरू कर दिया। बारिश से गीली सड़क पर कुछ ही देर बाइक फिसली तो युवक एक रोडवेज बस के सामने धराशायी हो गया। बस ड्राइवर फौरन ब्रेक न लगाता तो उसकी जान चली जाती लेकिन इसके बावजूद उसने ड्राइवर को ही धमकाया और फिर चलता बना। ● मोहित कुमार सिंह

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार ''अमृत विचार'' मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये ''अमृत विचार'' सिर्फ ₹ 5/-

### एमएससी रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 को

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एमएससी रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 और 13 जुलाई को होगी।

### दमखोदा ब्लॉक में संपूर्णता अभियान शुरू हुआ

**बरेली, अमृत विचार:** ब्लॉक दमखोदा में संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गई। नीति आयोग भारत सरकार की तरफ से यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व समूह की महिलाओं ने रंगोली बनाकर अतिथियों का स्वागत किया। नीति आयोग (कौशल विकास) के निदेशक मनीष कुमार विमल मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। अपर सांख्यिकीय अधिकारी मयूरी अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी आशीष पाल, एबीपी / सीएम फेलो धीरेंद्र सिंह, चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. शोएब, बाल विकास परियोजना अधिकारी भानुप्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि मुनीश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमसुख गंगवार, कौशल पांडेय, आशीष वर्मा, बलवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 30 हजार न देने से इतनी बिगड़ गई बात, पांच साल में 40 शिकायतों के बाद भी नहीं मिला लाइसेंस

## होम्योपैथी मेडिकल स्टोर के लाइसेंस के लिए अब भी जूझ रहे हैं फैज उल्लाह

- डीएचओ बोलीं, बदल गए हैं नियम, होलसेल स्टोर के लिए चाहिए पर्याप्त जगह

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** होम्योपैथी मेडिकल स्टोर के लाइसेंस के लिए शाहबाद के रहने वाले फैज उल्लाह खां पांच साल से विभाग के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बीच वह राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग समेत जनसुनवाई पर करीब 40 शिकायतें कर चुके हैं। उनका कहना है कि पांच साल पहले उन्होंने निरीक्षण अधिकारी को 30 हजार की रिश्वत देने से इन्कार कर दिया था। इस पर उसने ऐसी आपत्ति लगाई कि सारे मानक पूरे होने के बाद भी उन्हें सिर्फ इसलिए लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है।

फैज उल्लाह के मुताबिक उन्होंने 2019 में होम्योपैथी मेडिकल स्टोर के होलसेल लाइसेंस के लिए जिला होम्योपैथी विभाग में आवेदन किया था। तत्कालीन निरीक्षण अधिकारी ने सभी मानक पूरे पाए। सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्होंने 30 हजार रुपये की मांग की। उन्होंने इन्कार किया तो धमकी दे दी कि अब कभी लाइसेंस नहीं ले पाओगे। तबसे वे आज तक चक्कर काट रहे हैं। मंडलायुक्त, जिलाधिकारी कार्यालय और प्रमुख सचिव होम्योपैथी लखनऊ के साथ मानवाधिकार आयोग में 40 से ज्यादा शिकायतें कर चुके हैं। फिर भी अब तक जिला होम्योपैथी कार्यालय की ओर से पुख्ता जवाब नहीं दिया जा रहा है।

फैज उल्लाह का कहना है कि हर बार विभाग की गोलमोल रिपोर्ट में उनकी शिकायत निपटा दी जाती है। अब तक विभाग ऐसा कोई हवाला नहीं दे पाया है कि वह उसका कोई मानक पूरा नहीं कर पा रहे हैं। ड्रग एवं कॉस्मेटिक नियम 1945 के नियम 67 एफ के अनुसार होम्योपैथी स्टोर का साफ-सुथरा होना और आवेदक का होम्योपैथी मेडिसिन का जानकार होना ही सबसे महत्वपूर्ण है।

**अब तक तीन बार हो चुकी है दुकान की जांच**

होम्योपैथी विभाग की सीएमएस ने पिछले साल निरीक्षण करके उन्हें दुकान छोटी होने के कारण होलसेल का लाइसेंस न दिए जाने का कारण बताया गया। फैज उल्लाह का कहना है कि विभाग में ऐसा कोई नियम निर्धारित ही नहीं है। सैलानी में बंद पड़ी उनकी दुकान का अब तक तीन बार तीन अधिकारी निरीक्षण कर चुके हैं। उनकी एक ऑनलाइन शिकायत की रिपोर्ट में विभाग ने 1945 के ड्रग रूल के पेज नंबर 86 का हवाला दिया है लेकिन इसकी प्रति भी उन्हें उपलब्ध नहीं करा रहा है।

**होलसेल मेडिकल स्टोर के लिए पर्याप्त जगह नहीं : डीएचओ**

डीएचओ डॉ. मंजू सिंह का कहना है कि फैज उल्लाह की दुकान 5x6 यानी तीस वर्ग फुट की है, होलसेल मेडिकल स्टोर के लिए न्यूनतम 10x10 का स्थान होना चाहिए। इसके अलावा आसपास का इलाका अच्छा नहीं है, न ही बिजली का कनेक्शन है। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल में आवेदक एक बार भी विभाग में नहीं आए हैं। 2019 में सीधे निदेशालय से लाइसेंस जारी किए जाते थे, हो सकता है तब उन्हें मानकों में पास किया गया हो। अब सीएमएस का नया पद बना है। हमारे विभाग को नहीं लगता कि उनके पास होलसेल मेडिकल स्टोर के लिए अनुकूल जगह है।

## एक नजर

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर शंखा पुल के पास तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल। विलासपुर निवासी रविंद्र सिंह शुक्रवार को बाइक से बरेली जा रहे थे। दोपहर में शंखा पुल पर पहुंचने पर पीछे से आ रहे टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर डिवाइडर पर सिर बल गिर गए। हादसे के बाद चालक टेंपो लेकर भाग गया।

### दो दिन पहले सब्जी लेने गया युवक लापता

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** दो दिन पहले बाजार गया युवक गायब हो गया, जिसका अभी तक कोई पता नहीं लगा है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। फतेहगंज पूर्वी की लेखपाल कॉलोनी निवासी विपिन दो दिन पहले घर से बाजार गया था जो वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की परंतु दो भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है।

### युवक की हादसे में मौत के 17 दिन बाद रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** सड़क किनारे लघुशंका करते समय युवक को बाइक सवार ने टक्कर मारी थी, जिसकी इलाज से पहले मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने 17 दिन बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामनगर गांव निवासी अशोक कुमार ने बताया कि 18 जून को उसके बेटे अतुल और अमित गांव से आंवला जा रहे थे। रास्ते में भूरीपुर गांव की मोड़ के समीप बाइक रोककर लघुशंका करने लगे। इसी बीच एक बाइक चालक ने छोटे बेटे अमित को टक्कर मार दी, उसे इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### नकब लगाकर नकदी समेत जेवर ले गए चोर

**भुता, अमृत विचार :** भुता थाना क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर में एक किसान के मकान की दीवार में नकब लगाकर कमरे से तीन हजार नकद और जेवर चोर चुरा ले गए। चार चार अन्य मकानों में भी नकब लगाने की कोशिश किए, लेकिन सफल नहीं हुए। ग्राम कल्यानपुर निवासी ओमकार राठौर ने बताया कि गुरुवार रात हम परिजन बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने दीवार में नकब लगाकर घर से कीमती सामान समेट ले गए। साथ ही पड़ोसी वेदराम, रमेश पोथीराम, चुन्नीलाल के यहां भी चोरों नेनकब लगाकर चोरी करने की कोशिश की, लेकिन कुछ हाथ नहीं लग पाया। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है कि चोरी की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जल्द चोरों को पकड़ा जाएगा।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में पति सहित सात पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** शादी में कम दहेज मिलने का ताना देकर विवाहिता से कार और एक लाख नकदी की मांग करने और मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आदलपुर गांव निवासी देवेंद्र की पत्नी भावना का आरोप है कि कार और नकदी की मांग पूरी न कर पाने पर ससुराल वालों ने उसकी हत्या की कोशिश की। सूचना पर जब मायके वाले मिलने आए तो उन्हें भी बंधक बनाकर बेइज्जती की गई। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने पति, ससुर, सास, जेठानी और देव सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### हठ योगी विजय देवनाथ ने मनाया जन्मदिन

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को बेहटा बुजुर्ग गांव के शिव मंदिर के महंत हठ योगी विजय देवनाथ महाराज ने 41वां जन्मदिन आश्रम पर मनाया। इस दौरान उनके शिष्यों के साथ सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप मौजूद रहे।

# बारिश में ड्यूटी जा रहे बाइक सवार को वाहन ने रौंदा, मौत

## हाफिजगंज थाना क्षेत्र में गौंटिया पुलिया के पास हुआ हादसा

संवाददाता, नवाबगंज


सड़क हादसे में बेटे की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बारिश में परसाखेड़ा की एक कंपनी में ड्यूटी पर जा रहे युवक की बाइक को बरेली- पीलीभीत हाईवे पर किसी वाहन ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नवाबगंज के मोहल्ला गुलशन नगर निवासी एसडीएम के रिटायर अर्दली मलखान सिंह यादव के पुत्र पुष्पपाल सिंह यादव (40) परसखेड़ा स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था।


पुष्पपाल सिंह।

शुक्रवार को वह बाइक से ड्यूटी जाने के लिए सुबह 7 बजे घर से निकले थे। बारिश की वजह से उसने रेनकोट और हेलमेट भी पहन रखा था, वह जैसे ही बरेली पीलीभीत हाईवे पर हाफिजगंज थाना क्षेत्र में गौटिया पुलिया के निकट महाविद्यालय के पास पहुंचा ही था तभी उसे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पुष्पपाल यादव अपने पीछे दो पुत्र गोलू 14 वर्ष और आरव 8 वर्ष को छोड़ गया है उसकी पत्नी कमलेश आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### दहेज की बाइक लेकर लौट रहे दूल्हे के भाई घायल

**आंवला/भमोरा, अमृत विचार :** दहेज में मिली बाइक लेकर शादी से लौट रहे दूल्हे के भाइयों को एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।बिशारतगंज के गांव महातिया डांडी निवासी सोनू नागर ने बताया कि गुरुवार को उसकी बरात भुता के गांव भगनापुर गई थी। शादी में उसे बाइक दहेज में मिली थी। शुक्रवार दोपहर बरात लौट रही थी। दहेज की बाइक लेकर उसके भाई सोनू और अजय आ रहे थे। आंवला भमोरा रोड के सेंधा और नैनो प्लांट गेट के मध्य एक कार ने उसके भाईयों को टक्कर मार दी। कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से भिड़ गई। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर भाग गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन और बराती घटना स्थल पर पहुंचे।


बहेड़ी में जनता से संवाद करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

# बहेड़ी का विकास मेरा उद्देश्य:जितिन प्रसाद

● केंद्रीय मंत्री ने गांवों का भ्रमण कर लोगों से समस्याएं जानी

संवाददाता,बहेड़ी

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने पहले क्षेत्रीय दौरे पर कई गांवों का दौरा कर लोगों से संपर्क किया। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने बहेड़ी के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि केंद्र सरकार की लागू की जाने योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिल सके।

गांव लखीमपुर, गरीब पुरा, धिमरी, खगाईनागर, ग्वारी, छितौनिया, खुटिया व भोजपुर जोगीठेर आदि गांवों में पहुंचे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने अपनी जीत के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि बहेड़ी का विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है और वे जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए हर समय उपलब्ध रहने की कोशिश करेंगे। केंद्रीय मंत्री के भ्रमण के दौरान पालिकाध्यक्ष पति अजय जायसवाल, समाजसेवी अतुल गर्ग, सुरेश गंगवार,निरंजन सिंह, सूर्या कुर्मी, जयेंद्र सिंह, शांति पाल, जितेन्द्र सक्सेना, समेत कई अन्य लोग शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री जहां- जहां लोगों से रूबरू हुए, उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली। किसी ने बिजली और सड़क का मुद्दा उठाया तो किसी ने चीनी मिल की ओर गन्ना मूल्य भुगतान में लेटलतीफी का मामला उठाया। इस पर उन्होंने गंभीरता बरतते हुए जल्द ही निराकरण का आश्वासन दिया।

## सार-संक्षेप

### विश्व हिंदू परिषद ने पोस्टमास्टर को दिया ज्ञापन

**फरीदपुर, अमृत विचार :** डाकघर में तैनात कर्मचारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद ने प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली को संबोधित ज्ञापन पोस्टमास्टर फरीदपुर को दिया गया। विहिप ने आरोप लगाया फरीदपुर पोस्ट ऑफिस में तैनात फरियाद नाम का कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। आरोप है कि वह आधार कार्ड पैसे लेकर बनाता है, डाकघर में एफडी, आरडी बनवाने में भी कमिशन मांगता है। इसके साथ ही काम करने में भी भेदभाव करता हैं। विहिप कार्यकर्ताओं ने बताया आरोपी के पिता पर स्कूल में नमाज के पढ़ाने के आरोप जेल भेजा गया था, इसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। ज्ञापन देने वालों में मदनलाल शर्मा, मनोज मिश्रा, बृजलाल राकेश, अमरपाल, श्रवण वर्मा, अमित राठौर, अमित मिश्रा, अंकित राजपूत, असल गंगवार, सोनू कश्यप समेत अन्य मौजूद रहे।

### बैरमनगर में सास- बहुओं का हुआ सम्मान



**शेरगढ़,अमृत विचार :** शेरगढ़ के बैरमनगर में सास-बहू सम्मेलन हुआ, जिसमें सास-बहुओं को आपस में प्रेम से रहने का मंत्र दिया। इस दौरान सास-बहुओं को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव के पंचायत सचिवालय में आयोजित सास-बहू सम्मेलन में नवविवाहिताओं को गर्भावस्था में स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजीव शर्मा ने कहा कि सास-बहू सम्मेलन का उद्देश्य सास-बहु के बीच प्यार और मेलजोल बढ़ाना है। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता चित्र रेखा, वीरवती,रबीना, शशिवाला,भूरी,नाजिया,तारावती,ओमवती,कमलेश समेत अन्य रहे।

### राहुल गांधी के बयान के विरोध में दिया ज्ञापन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** संसद सत्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हिंदू समाज को हिंसक बताने वाले बयान पर नाराजगी जताते हुए हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरिपाल गंगवार के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन ए तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान और उनके कृत्यों पर आक्रोश जताया। हिंदू जागरण मंच ने राष्ट्रपति से राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द करने के लिए स्पीकर को आदेशित करने की मांग की है। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, प्रताप सिंह, नीटू, राजीव कुमार, रामौतार, प्रेमपाल, सुभाष चन्द्र, वीरपाल, महीपाल, दोदराज, सुरजीत, ओमपाल, ओमकार, धर्मपाल, सुरेन्द्र कुमार, कपिल देव वर्मा, लेखराज आदि साथ रहे।

### प्रधान और प्रधानाध्यापिका ने किया पौधरोपण



**अलीगंज , अमृत विचार :** विकासखंड मझगवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय में वन महोत्सव सप्ताह के तहत प्रधान संजू , प्रधानाध्यापिका रितु उपाध्याय ने एक वृक्ष मां के नाम से विद्यालय परिसर में लगाया। छात्रों ने गांव में पौधरोपण जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान अवनीश गंगवार, राम शरण , वीरेंद्र के साथ ही छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। 7 जुलाई से पौधरोपण अभियान की शुरूआत होगी

### तहसील परिसर में हुआ पौधरोपण



**नवाबगंज, अमृत विचार :** तहसील परिसर में एसडीएम मल्लिका नैन ने अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान एसडीएम ने सभी को एक पौधा मां के नाम रोपने की अपील करते हुए कहा हमारे जीवन में पौधों का विशेष महत्व है।

### ब्लॉक के सभी इंडिकेटर पूर्ण करने की दिलाई शपथ




**देवरनियां, अमृत विचार :** दमखोदा में आकांक्षी ब्लाक के तहत कार्यक्रम हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मनीष कुमार विमल शामिल हुए, उन्होंने ब्लॉक के सभी इंडिकेटर पूर्ण करने की शपथ दिलाई। धीरेंद्र सिंह शोधार्थी ने नीति आयोग के इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया । जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने सभी लोगों से आकांक्षी ब्लॉक के सभी इंडिकेटर पूर्ण करने का आह्वान किया। डॉ. शोएब खान ने गर्भवती महिलाओं को रखने वाली सावधानियों और उच्च रक्त चाप और डायबिटीज के बारे में जानकारी दी। सीडीपीओ भानुप्रताप सिंह ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पूरक आहार के बारे में विस्तार से बताया। एडीओ कृषि विभाग ने कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी आशीष पाल ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद दिया । इस अवसर पर मयूरी अग्रवाल, डॉ. अमित पवार, प्रेमसुख गंगवार, बलबीर सिंह , डॉ. देवकुमारी गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।

### हजरत अशरफ मियां का सालाना उर्स संपन्न



**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के मोहल्ला नई बस्ती में स्थित हजरत अशरफ मियां की दरगाह पर सालाना उर्स संपन्न हुआ। उर्स में फातिहा और नात ख्वानी हुआ, जिसमें मोती मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना आबिद रजा साहब ने देश की तरक्की व अमन चैन के लिए दुआ की। दरगाह के सज्जादा नशीं हजरत हसन मियां ने भी देश और कौम की खुशहाली के लिए दुआ की, फातिहा के बाद काफी देर तक लंगर का दौर चला, इस मौके पर इमाम अशरफ मियां मस्जिद व हाफिज मोहम्मद गाजी उर्फ मुन्ना, हाफिज अमीर हसन, शिक्षक शराफत अली अंसारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# पैर फिसलने से नदी में गिरे किशोर की डूबने से मौत

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** मीरगंज के ग्राम शीशमखेड़ा में खर्रा नदी के किनारे से होकर सुबह 11 बजे खेत जाते समय शाहरुन (14) का पैर फिसल गया, जिससे वह नदी में डूब गया, जिसे गांव वालों ने निकाला गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

प्रधानपति शाकिर खां ने बताया कि गांव के पास में ही खर्रा नदी है उसमें पानी ज्यादा होने से पैर फिसलने से किशोर डूब गया। उसे परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर एसडीएम तृप्ति गुप्ता, कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह, सहित लेखपाल पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। शाहरून के पिता फर्नीचर का कार्य करते हैं, वह चार भाइयों में बड़ा था। एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने बताया कि मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया है। लेखपाल को रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए हैं। शासन से जो भी मदद होगी दिलाई जाएगी।


परिजनों को ढांढस बंधातीं एसडीएम।

# बारिश में बहा नदी पर बना कच्चा पुल

● पीडब्ल्यूडी विभाग ने दोबारा पुल पर डलवाई मिट्टी, रास्ता चालू

● पीडब्ल्यूडी करा रहा स्थाई पुल का निर्माण, अक्टूबर में होगा पूरा

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे से फतेहगंज ,अग्रास मार्ग को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर देवरनियां नदी पर बना अस्थाई पुल बारिश में बह गया, जिससे आवागमन ठप हो गया । जानकारी होने पर ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी । इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने अस्थाई पुल का दोबारा निर्माण कराकर यातायात को सुचारू कर दिया।

अभयपुर केशोपुर नैनीताल हाईवे से अग्रास, शाही होते हुए शीशगढ़ मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर कुछ समय पूर्व ही सड़क हुआ है । जिस मार्ग पर पुल का निर्माण हो रहा है। पीडब्लूडी विभाग के अधिशासी अभियंता अधिकारी नारायणन सिंह ने बताया देवरनियां नदी पर पुल निर्माण चल रहा है, जिसका निर्माण अक्टूबर 2024 तक पूरा होना है । यहां से लोगों के आवागम को देखते हुए अस्थाई पुल का निर्माण किया गया था, बारिश की वजह से उसकी मिट्टी बह गई, जिस पर पुन मिट्टी डलवाकर आवागमन शुरू करा दिया गया । इस अवसर पर सहायक अभियंता सनेह लता श्रीवास्तव , सहायक अभियंता रणवीर सिंह , अवर अभियंता अंकित सक्सेना , सहायक अभियंता सीताराम , अवर अभियंता प्रवीन वाजपेई समेत अन्य रहे।


झमाझम बारिश के बाद कच्चे पुल से बही मिट्टी को देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# अंजुमन कमेटी के एनए अंसारी अध्यक्ष तो ताहिर बने सचिव

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज की प्रमुख मुस्लिम धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के प्रतिनिधियों का चुनाव निर्विरोध रूप से हो गया। इससे पहले चुनाव कराने की तैयारी थी, लेकिन रायशुमारी के बाद चारों पदों पर सहमति से चयनित लोगों के अलावा सभी दावेदारों ने नाम वापस लिया।

एनए अंसारी को सदर, एड. ताहिर अंसारी को सचिव और मो. यासीन सिद्दीकी को खजांची तथा मो. अलीम अशरफी को नायब सदर घोषित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी खुर्शीद अहमद अंसारी, मो. यूनुस मंसूरी, एनए अंसारी, जफरूद्दीन मंसूरी ने सभी के निर्विरोध निर्वाचित होने का ऐलान किया। कमेटी का निर्विरोध चुनाव होन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सपा नेता राशिद अंसारी, शारिक खां, राजीव गंगवार, मो. हसन अंसारी, मुराद अहमद एड, डॉक्टर रिहान ख़ान, कासिम अंसारी समेत आदि ने बधाई दी।


एनए अंसारी, ताहिर अंसारी, अलीम अशरफी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के मोहल्ला बाजार निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गंभीर हालत ये युवक को भोजीपुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मोहल्ला बाजार निवासी मो. रफी उर्फ सामा साप्ताहिक हाट के निकट जिम चलाता था। शुक्रवार सुबह अचानक उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे भोजीपुरा के एक अस्पताल लेकर दौड़े। इलाज के दौरान ही युवक की सांसें थम गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जानकारी जुटाई, हालांकि मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

# बीईओ की नाराजगी के बाद स्कूल में बना मिड डे मील

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** बीईओ कार्यालय के पास स्थित दमखोदा के कंपोजिट विद्यालय भैरपुरा में शुक्रवार को मध्यान्ह भोजन नहीं बना और दो शिक्षक भी नहीं पहुंचीं। बीईओ के पास जब मामला पहुंचा तब स्कूल से गायब शिक्षक विद्यालय पहुंचीं और मिड डे मील बनवाया।

भैरपुरा स्कूल में प्रधानाध्यापिका समेत सात शिक्षक तैनात हैं, प्रधानाध्यापिका इस समय चिकित्सा अवकाश पर चल रही हैं। शुक्रवार को आशिका सचान और ऊषा गंगवार विद्यालय नहीं पहुंची। और बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन भी नहीं बनवाया गया। गांव से जब शिकायत मीडिया तक पहुंची तो बीईओ प्रेमसुख गंगवार से बात की गई, उन्होंने एक कार्यक्रम में होने का हवाला देते हुए मामला संज्ञान में होने से इन्कार किया। इसके बाद बीईओ ने स्कूल फोन करके स्थिति के बारे में पता किया तो खलबली मच गई, बरेली में रहने वाली दोनों शिक्षिकाएं दोपहर एक बजे बाद स्कूल पहुंचीं और आन-फानन में मध्यान्ह भोजन बनवाया गया। इसके बाद सफाई देने बीईओ दफ्तर पहुंची। बीईओ प्रेमसुख गंगवार ने बताया कि मीडिया से हमें सूचना मिली तो पता कराया, सभी शिक्षकों को हिदायत देकर स्कूल सुधार के निर्देश दिए हैं।

### शाही के कई गांवों में तीन दिन से बिजली गुल

**दुनका, अमृत विचार :** बारिश की वजह से तीन दिन पहले गई बिजली सप्लाई अभी तक सही नहीं हुई, इस वजह से शाही के 35 से अधिक गांवों में लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण बारिश के मौसम में मोबाइल और इन्वर्टर चार्ज करने के लिए परेशान हो रहे है। मीरगंज के पावर हाउस से शाही के फिरोजपुर, मकड़ी खोए, दुनका ,वसई, गौसगंज, हैदरगंज, समेत 35 गांवों के लोग अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है। ग्रामीणों को चोरों का भी डर सता रहा है, रात में जाकर पशुओं की रखवाली कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है अधिकारियों के साथ ही संविदा कर्मी फोन नहीं उठा रहे। फोन उठता भी है तो फॉल्ट का बहाना करके फोन काट देते हैं।. शिकायत के बाद भी बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। जेई मीरगंज सोम प्रकाश ने बताया बारिश की वजह से लाइन में फाल्ट आ गया है इसलिए सप्लाई बाधित है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से भैंस की मौत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन के पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। बिशारतगंज के के भिंडौरा अड्डा के पास वार्ड नंबर आठ निवासी लाल मोहम्मद ने बताया कि गुरुवार की शाम उनकी भैंस रोड के किनारे चर रही थी, पास में ही हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी जिसके पल में करंट आ रहा था, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### पांच लाख के लिए महिला को पीटकर घर से निकाला

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर निवासी नूर बानो ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2009 में गांव के ही शफीक से हुई थी। उसने बताया कि शादी के बाद से ही पति शफीक समेत अन्य ससुराली कम दहेज का ताना देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। मायके से 5 लाख नकद लाने का दबाव बनाने लगे। 1 अप्रैल 2024 को 5 लाख नकदी की मांग करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। 17 अप्रैल को महिला की ननद सईदन ने उसके मायके में आकर मारपीट की। तथा पहने हुए जेवरात छीनकर ले गई। महिला ने कैंट थाने में तहरीर देकर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# चालीस लाख का लोन कराने के नाम पर साढ़े तीन लाख ठगे

● पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता,शेरगढ़

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत ऋण दिलाने के नाम पर एक युवक से कुछ लोगों ने तीन लाख पचास हजार रुपये की ठगी कर ली गई। लोन स्वीकृत नहीं होने पर पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया देकर कार्रवाई की मांग की, हालांकि पुलिस ने प्रार्थना पत्र मिलने से इन्कार किया है।

पीड़ित ने बताया कि उसके पड़ोस में थाना सीबीगंज के कुछ लोगों का आना जाना था। उन लोगों से उसकी जान पहचान हो गई। उन लोगों ने उसे प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक से 40 लाख रुपये ऋण दिलाने की बात कही। और उससे ऋण से संबंधित दस्तावेज तैयार करने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये का खर्च बताया। पीड़ित ने साढ़े तीन लाख रुपये जिसमें कुछ नकद तो कुछ ऑनलाइन संबंधित के खाते में भेज दिए। इसके बादउन लोगों ने उसे बरेली की एक बैंक शाखा पर बुलाया जहां कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए और कुछ ही दिनों में ऋण की धनराशि बैंक खाते में भिजवाने की बात कही।

जब काफी दिनों तक ऋण की राशि उसे नहीं मिली तो पीड़ित ने ऋण स्वीकृत कराने वालों को बताया तो उसे कुछ इंतजार करने के लिए कहा गया, इसके बाद भी जब उसे पैसे नहीं मिले तो वह लोन स्वीकृत कराने के लिए दिया अपना रुपया वापस मांगने लगे। जिस पर आरोपी उसे धमकाने लगे। स्थानों पर रहने वाले तीन लोगों के खिलाफ थाना शेरगढ़ में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है हालांकि थाना पुलिस ने प्रार्थना मिलने से इनकार किया है।

### ठिरिया निजावत खां के सभासद समेत चार पर मारपीट की रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार:** ठिरिया निजावत खां नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 के सभासद के खिलाफ मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई।

कस्बे में रहने वाले माशूक अली खान ने बताया कि 3 जुलाई को रात उनका बेटा मकसद अली खाना खाने के बाद टहल रहा था। इसी बीच सभासद रफाकत रंजिशन उसे गाली देने लगा, विरोध करने पर मारपीट की। आधे घंटे बाद आरोपी भाई सोहेल, साले फैजान और रियासत के साथ लाठी -डंडे के साथ उनके घर चला आया। उन्होंने दरवाजा खोला तो पीटना शुरू कर दिया। बचाने आए दूसरे बेटे मुर्तजा को भी पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराकर पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# शराब सेल्समैन से छिनैती-मारपीट को पुलिस ने बताया संदिग्ध घटना

● गांव के ही चार लोगों पर मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

**नवाबगंज,अमृत विचार :** शराब सेल्समैन से बुधवार रात हुई मारपीट और छिनैती की घटना को संदिग्ध मान कर चल रही पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। भट्टी मालिक ने पुलिस पर मामले को हल्के में लेने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव मियांपुर निवासी नेमचंद थाना क्षेत्र के ही गांव परोथी में शराब की दुकान पर सेल्समैन हैं। बुधवार शाम करीब 9.45 बजे साइकिल से गांव जा रहे थे कि गांव से कुछ दूर पहले गन्ने के खेत में पहले से घात लगाए बैठे चार लोगों ने उनकी साइकिल में डंडा मारकर गिराने के साथ ही डंडों से हमलाकर दिया और दुकान की बिक्री के 51760 रुपये उनके पास से छीन लिए। विरोध करने पर हमलावरों ने उसके सिर पर डंडे और धारदार हथियार से प्रहार कर घायल हालत में छोड़कर भाग गए थे। घटना के कुछ देर बाद सेल्समैन का बेटा जो ईधजागीर के यासीन नगर की शराब की दुकान पर सेल्समैन है अपनी दुकान बंद कर घर आ रहा था कि उसने गांव से कुछ पहले सड़क किनारे बेहोश व्यक्ति को पड़ा देखा तो बाइक को रोककर देखा तो उसके पिता घायल हालत में थे। पिता को घायल देख उसने गांव के चौकीदार को मदद के लिए बुलाने के साथ ही दुकान के मालिक संजीव गुप्ता को इसकी सूचना दी थी। होश में आने के बाद घायल सेल्समैन ने बताया था कि उस पर गांव के ही हरीराम व मोर सिंह के साथ ही दो अन्य लोगो ने हमला कर दिया और उसके पास से नकदी छीन ली। इसी दौरान पुलिस के साथ संजीव गुप्ता मौके पर पहुंच गए।एसएचओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि मामले में अभी कोई निष्कर्ष नही निकला है, जांच की जा रही है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री ममता पटेल आयु. लगभग 24 वर्ष को उसके गलत शोहबत व दुर्व्यवहार के कारण उससे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन की स्वयं स्वयं जिम्मेदार होगी मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **धर्मपाल सिंह पुत्र श्री हेतराम, निवासी ग्राम कन्थरी/ कन्थरिया, थाना बिथरी चैनपुर, तह. व जिला बरेली**

**सूचना**

मैंने राजकीय गर्ल्स इण्टर कॉलेज बरेली से इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा वर्ष 2001 में उत्तीर्ण किया था। जिसका अनुक्रमांक -1002013 है। जो कि प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **नगमा बी पुत्री श्री फय्याज हुसैन निवासी 497 जखीरा दुलिया मस्जिद गली में किला, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

